भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 798
22 जुलाई, 2022 को जवाब दिया

महिला हथकरघा कामगारों के विकास हेतु योजना

798. श्री नीरज डांगी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राजस्थान में महिला हथकरघा कामगारों के विकास के उद्देश्य से कोई योजना चला रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार इन महिला कामगारों को कोई विशेष पैकेज देने का विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (ग): राजस्थान सहित पूरे देश में महिला हथकरघा कामगारों सहित हथकरघा कामगारों के लिए विभिन्न योजनाबद्ध अंतःक्षेपों के तहत, पात्र हथकरघा एजेंसियों / बुनकरों को कच्चे माल, उन्नत करघों और सहायक उपकरणों की खरीद, डिजाइन नवाचार तथा उत्पाद विविधीकरण, अवसंरचना विकास, घरेलू और विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पाद की मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा ऋण आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

हथकरघा कामगारों के सामने आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं: -

i) बुनकरों को सरकारी ई-मार्केट प्लेस पर ऑन बोर्ड करने संबंधी कदम उठाये गये हैं ताकि वे अपने उत्पाद सीधे विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों को बेचने में सक्षम हो सकें। अब तक लगभग 1.5 लाख बुनकरों को जेम (GeM) पोर्टल पर ऑनबॉर्ड किया जा चुका है।

ii) बुनकर मुद्रा/रियायती ऋण योजना के तहत, व्यक्तिगत बुनकर के लिए अधिकतम रु.25,000/- तक ऋण राशि के 20% पर मार्जिन मनी सहायता और हथकरघा संगठनों के लिए 20 लाख रुपये, 7% तक ब्याज छूट और तीन साल की अवधि के लिए ऋण पर क्रेडिट गारंटी शुल्क प्रदान किया जाता है।

महिला हथकरघा कामगारों को प्रोत्साहित करने के लिए, वस्त्र मंत्रालय उन्हें अपने हथकरघा व्यवसाय को जारी रखने और उसे बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान करता है। महिला बुनकरों को प्रदान किए जाने वाले कुछ लाभ इस प्रकार हैं: -

- राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के तहत वर्कशेड के निर्माण के लिए महिला हथकरघा बुनकरों को 100% सब्सिडी दी जाती है।

- 2016 से, कमलादेवी चट्टोपाध्याय पुरस्कार विशेष रूप से महिला बुनकरों को दिया जाता है।

******